को एडवाइजरी के बाद से लोगों ने पहले तीन से चार दिन में इन

विज्ञान प्रदर्शनी में कई जिलों के विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए माडल

केआइआइटी वर्ल्ड स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी में माडल प्रस्तुत करते विद्यार्थी • सौ : शिक्षक

वि., गुरुग्राम : केआइआइटी वर्ल्ड स्कूल, गुरुग्राम में लगी दो दिवसीय सीबीएसई क्षेत्रीय विज्ञान प्रदर्शनी का रविवार को समापन हो गया। इसमें महेंद्रगढ़, भिवानी, रेवाड़ी, फरीदाबाद, गुरुग्राम, रोहतक और सोनीपत से आए 70 स्कूलों के विद्यार्थियों ने अपने माडल प्रस्तुत किए। मेजबान स्कूल की प्रिंसिपल नीलिमा कामराह ने बताया कि यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों को सोच और विचार प्रदर्शित करने का मौका देती है। जूनियर श्रेणी में शिक्षायन स्कूल ने प्राकृतिक खेती, लिटिल एंजेल्स स्कूल ने कार्बन शोधन संयंत्र, लोटस वैली स्कूल ने सीनियर सेफगार्ड, एचडीएफसी स्कूल ने बायो-लुमी-ब्रीद, सैफ्रोन पब्लिक स्कूल ने थर्ड आई सर्विलांस डिवाइस और केआइआइटी वर्ल्ड स्कूल ने सेफ ब्रेसलेट जैसे प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। सीनियर श्रेणी में एमिटी इंटरनेशनल स्कूल ने थर्मोइलेक्ट्रिक जेनरेटर, लायन पब्लिक स्कूल ने किसान बाट, दिल्ली पब्लिक स्कूल ने पुष्प (जैविक और किफायती सेनिटरी पैड), एमवीएन स्कूल ने एक्सेसवेव्स, एपीजे स्कूल ने सस्टेनेबल कूलिंग सिस्टम पर माडल रखा।